सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 02 | अंक – 217 | जौनपुर, शनिवार, 04 मई 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### बड़े भरोसे के साथ मेरी मां ने मुझे सौंपी परिवार की कर्मभूमि – राहुल

रायबरेली, संवाददाता। राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल किया, जो लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रहा है। सूत्र कई कारण बताते हैं जो कांग्रेस परिवार के भीतर अमेठी और रायबरेली के भविष्य पर चर्चा के दौरान सामने आए थे। राहुल को चुने जाने का मुख्य कारण विरासत या उत्तराधिकार कारक था। माना जा रहा है कि रायबरेली से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा करके, सोनिया गांधी लोगों को यह संदेश देना चाहती हैं कि वह उनके उत्तराधिकारी होंगे। कांग्रेस इसे राहुल बनाम स्मृति नहीं बनाना चाहती थी, क्योंकि उसे लगता है कि वह ईरानी से बड़े नेता हैं। अमेठी की तुलना में रायबरेली राहुल गांधी के लिए सुरक्षित सीट है। नामांकन के बाद राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था! मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग–अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं। प्रियंका गांधी ने लिखा कि कुछ दिनों पहले मां ने कहा था, मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है।

### बसपा ने उत्तर प्रदेश की 11 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की

लखनऊ, संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उत्तर प्रदेश की छह लोकसभा सीट पर प्रत्याशी घोषित करने के बाद देर शाम पांच और उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया। जारी सूची के अनुसार पार्टी ने रमेश सिंह पटेल को इलाहाबाद, मोइ नुद्दीन अहमद खान को श्रावस्ती और हरिशंकर सिंह को भदोही लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने वाराणसी से अतहर जमाल लारी पर भरोसा जताया है। इस सीट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। बसपा ने बासगांव लोकसभा सीट से रामसमुझ को मैदान में उतारा है। इसी सूची में पार्टी ने बलरामपुर जिले की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मोहम्मद हारिस खान को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने गोंडा से सौरभ मिश्रा, डुमरियागंज से नदीम मिर्जा और कैसरगंज सीट से नरेंद्र पांडे को टिकट देने का ऐलान किया था। साथ ही नदीम अशरफ को संत कबीर नगर, शिव कुमार दोहरे को बाराबंकी और महशूद अहमद को आजमगढ़ सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है।

## झारखंड की धरती... आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती – पीएम मोदी

झारखंड, एजेंसी। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पीएम मोदी ने झारखंड के सिंहभूम में एक भव्य सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लिया और संबोधित किया। प्रधानमंत्री भीड़ के उत्साह से बहुत प्रभावित हुए और बदले में उन्होंने झारखंड में सभी के लिए मोदी की गारंटी दोहराई। मोदी ने कहा कि झारखंड को अटल जी ने बनाया, भाजपा ने बनाया। कांग्रेस ने झारखंड का घोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि ये भाजपा की ताकत थी, अटल जी की दीर्घ–दृष्टि थी कि झारखंड बना। कांग्रेस को मंजूर नहीं था कि यहां के संसाधन आपके काम आए। पहले वो एक रुपये देते थे तो उसमें से वो 85 पैसे मार लेते थे। आज मैं एक रुपये भेजता हूं तो पूरा 100 पैसा आपके अकाउंट में जाता है।



नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने बाबा साहेब की जयंती पर आयुष्मान भारत योजना लॉन्च की और वो भी झारखंड की भूमि से की। आज गरीबों को 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है। मुद्रा योजना की शुरुआत हमने झारखंड के दुमका से की। इसी तरह मोदी की गारंटी की गाड़ी भी हमने झारखंड के खूंटी से शुरू की। इसलिए तो मैं कहता हूं– झारखंड और भाजपा का दिल का नाता है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड... हर कोने में विश्वास के साथ, उमंग के साथ, उत्साह के साथ... एक ही बात कह रहा है– फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी ने कहा कि सिंहभूम और झारखंड की धरती... आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती है, लेकिन कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस आजादी का पूरा श्रेय केवल एक परिवार को देना चाहती है, लेकिन ये भाजपा है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को एक और पहचान दी– इस दिन को हमने जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि हम देशभर में जनजातीय गौरव के लिए जनजातीय म्यूजियम बना रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को आदिवासियों के इतिहास का सम्मान पसंद नहीं है। वो जनजातीय समाज के लोगों को आगे बढ़ने देना नहीं चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने एक आदिवासी महिला (श्रीमती द्रौपदी मुर्मू) को भारत के राष्ट्रपति बनाने का घोर विरोध किया। झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर हमारे आदिवासी भाई–बहनों का अधिकार है, लेकिन जेएमएम और कांग्रेस... इसे अपनी जागीर समझती है। यही वजह है कि झारखंड के हर संसाधन की खुली लूट चल रही है। पूरे राज्य के खान–खनिज को अवैध खनन कर लूटा जा रहा है। इन्होंने आदिवासियों की जमीनें लुटने के बाद हमारे देश की सेना की जमीन पर भी आंख गड़ा कर रखी है।

## अगले एक साल में 5 लाख लोगों को दी जाएगी नौकरी - सीएम नीतीश

बिहार, एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को सुपौल लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम लोगों ने पिछले विधानसभा चुनाव के समय ही वादा किया था कि 10 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, जिसमें करीब 5 लाख नौकरी दी जा चुकी है और 5 लाख नौकरी एक साल के अंदर दी जाएगी। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए राजद कार्यकाल की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले बिहार में कुछ नहीं था, आज सड़कें बन रही है तो घरों तक बिजली पहुंचा दी गई। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए लोगों को सचेत भी किया। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने परिवार को ही आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, उनके झांसे में नहीं आना है। हमारे लिए तो बिहार के लोग परिवार हैं। उन लोगों ने कोई काम नहीं किया है। वो सिर्फ अनर्गल बयानबाजी करते रहते हैं। उन लोगों ने विकास किया है तो सिर्फ अपने परिवार का, पहले अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाया, अब बेटा और बेटियों को भी सेट करने में लगे हैं। सुपौल लोकसभा से एनडीए की ओर से जदयू प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के पक्ष में आयोजित सभा में नीतीश कुमार ने आगे कहा कि हम लोगों ने प्रदेश में जातीय जनगणना करवाई।

## भारत के अर्थतंत्र को संसार में तीसरे नंबर पर लाने का काम हम करेगें - अमित शाह

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव दो खेमों में हैं। एक ओर वोट फॉर जिहाद वाले लोग हैं तो दूसरी ओर वोट फॉर विकास वाले लोग हैं। एक ओर राहुल बाबा की चाइनीज गारंटी है तो दूसरी ओर पीएम मोदी की भारतीय गारंटी है। यह चुनाव




इन दो खेमों के बीच होना है। दो चरण का चुनाव हो चुका है और मोदी जी संेचुरी लगाकर आगे निकल चुके हैं। अब तीसरा फेज 400 पार करने की मजबूत नींव डालने का फेज है। कांग्रेस की सरकार में सोनिया–मनमोहन की सरकार में पहले आए दिन पाकिस्तान से आलिया– मालिया– जमालिया आते थे और बम धमाके करके चले जाते थे। कोई कुछ नहीं बोलता था। 2014 में जब मोदी जी पीएम बने तो पाकिस्तान ने उरी और पुलवामा में हमला किया, लेकिन वो भूल गए कि अब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री नहीं हैं, अब मोदी जी प्रधानमंत्री हैं। 10 ही दिन में मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सेना ने पाकिस्तान के घर में घुस कर बदला लिया। मोदी जी 10 साल में ही 5वें नंबर पर लाए। मैं आज मोदी की गारंटी देकर जाता हूं – आप तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दो, भारत के अर्थतंत्र को संसार में तीसरे नंबर पर लाने का काम हम करेंगे। मोदी जी ने धारा 370 को हटाया, राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त किया, पीएफआई पर बैन लगाया और ट्रिपल तलाक समाप्त किया। मोदी जी ने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि अपने तीसरे कार्यकाल में पूरे देश में यूसीसी लाने और मुस्लिम पर्सनल लॉ समाप्त करने का काम हम करेंगे।

## किशोरी लाल शर्मा 40 साल से लोगों की कर रहे सेवा – प्रियंका गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस पार्टी ने कड़ी टक्कर वाली रायबरेली और अमेठी संसदीय सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी ने वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी को रायबरेली सीट से मैदान में उतारा है, जबकि एक आश्चर्यजनक कदम में, पार्टी ने एक और वफादार किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी के खिलाफ उम्मीदवार के रूप में चुना है। दोनों नेता आज पार्टी के वरिष्ठ दिग्गजों की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। किशोरी लाल शर्मा की उम्मीदवारी को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा कि नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया से पहले, अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार ने मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने एक श्छोटे कार्यकर्ताश को चुनाव लड़ने का मौका दिया है। आप सभी जानते हैं कि किशोरी लाल शर्मा जी अमेठी




से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किशोरी जी अमेठी की गांव–गलियों और कार्यकर्ताओं को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। वे यहां की समस्याओं को भी भली–भांति समझते हैं। किशोरी जी पिछले 40 साल से आपकी सेवा कर रहे हैं। इसलिए मेरा विश्वास है कि आप सभी हमारे साथ मिलकर किशोरी जी को जीत दिलाएंगे। वहीं, एक एक्स पोस्ट में उन्होंने लिका कि किशोरी लाल शर्मा जी से हमारे परिवार का वर्षों का नाता है। अमेठी, रायबरेली के लोगों की सेवा में वे हमेशा मन–प्राण से लगे रहे। उनका जनसेवा का जज्बा अपने आप में एक मिसाल है। आज खुशी की बात है कि श्री किशोरी लाल जी को कांग्रेस पार्टी ने अमेठी से उम्मीदवार बनाया है। किशोरी लाल जी की निष्ठा और कर्तव्य के प्रति उनका समर्पण अवश्य ही उन्हें इस चुनाव ने सफलता दिलाएगा।

ढेर सारी शुभकामनायें। गांधी परिवार के करीबी सहयोगी और वफादार किशोरी लाल शर्मा मूल रूप से पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। वह रायबरेली सीट पर सोनिया गांधी की अनुपस्थिति में उनके प्रबंधक रहे थे। 1991 में पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी के निधन के बाद शर्मा के गांधी परिवार के साथ संबंध और गहरे हो गए। वह वर्षों से अमेठी में कांग्रेस पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, जहां वह पहली बार 1983 में आए थे और तब से जारी हैं।

## बंगाल गवर्नर पर छेड़छाड़ का आरोप लगा

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस के खिलाफ एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगया है। आरोप सामने आने के एक दिन बाद बोस ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भविष्य में मेरे ऊपर और भी केस लगने की उम्मीद है। बता दें, पीड़िता एक संविदाकर्मी है, जो राजभवन में काम करती है। पीड़िता के आरोपों को बोस ने बेतुका बताया है।

राज्यपाल बोले– अभी बहुत कुछ होने वाला है

राजभवन ने शुक्रवार को राज्यपाल का एक रिकॉर्ड बयान जारी किया। इसमें तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राज्यपाल ने कहा कि कोई भी टीएमसी के भ्रष्टाचार और हिंसा पर लगाम लगाने के मेरे प्रयासों को रोक नहीं सकता है। मेरे प्रयास दृढ़ हैं। बयान में उन्होंने आगे कहा कि मैं कुछ राजनीतिक ताकतों द्वारा लगाए गए आरोपों का स्वागत करता हूं। मैं जानता हूं कि अभी और भी बहुत कुछ होने वाला है। मैं स्पष्ट करना




चाहता हूं कि कोई मुझे इन बेतुके आरोपों से नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा लग रहा है कि मुझे एक दिन 1943 की बंगाल फेमिन के साथ–साथ 1946 में कलकत्ता में हुई हत्याओं के लिए भी दोषी ठहराया जाएगा।

यह है मामला

बता दें, पीड़ित महिला ने गुरुवार शाम हेयर स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत की। उसका दावा है कि राज्यपाल ने उसके साथ दो बार छेड़खानी की। पहली बार 24 अप्रैल को फिर गुरुवार शाम को। महिला का आरोप है कि राज्यपाल ने उसे बायोडाटा के साथ राजभवन स्थित अपने चेंबर में आने को कहा था, जहां उसके साथ छेड़खानी की गई। उसने पहले राजभवन में स्थित आउटपोस्ट में तैनात पुलिसकर्मियों से इसकी शिकायत की। वहां से उसे थाने में जाने को कहा गया। पुलिस की ओर से महिला का परिचय गोपनीय रखा गया है। पता चला है कि महिला 2019 से राजभवन में अस्थायी रूप से कार्यरत है। वह राजभवन परिसर में स्थित हॉस्टल में रहती है। टीएमसी के वरिष्ठ नेता और उद्योग मंत्री शशि पांजा ने मामले में शुक्रवार को कहा कि आरोपों के पीछे पार्टी का कोई एजेंडा और कोई भूमिका नहीं है। घटना चौंकाने वाली है। इस पर विश्वास करना मुश्किल है कि यह राजभवन के अंदर यह सब हुआ। किसी भी राज्यपाल के खिलाफ इससे पहले ऐसे आरोप नहीं लगे हैं। इससे राज्यपाल पद की प्रतिष्ठा कम हुई है।

## दिल्ली में लोकसभा चुनाव प्रचार में समन्वय बढ़ाने के लिए आप-कांग्रेस ने बनाई समिति

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने दिल्ली में लोकसभा चुनावों के लिए एक समन्वय समिति का गठन किया है और यहां के सात संसदीय क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए समन्वयकों की घोषणा की है। दोनों दलों ने ऐसा इसलिए किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव प्रचार सुचारू और प्रभावी तरीके से हो। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के दो घटकों के बीच सीट–बंटवारे की व्यवस्था के तहत, कांग्रेस ने सात में से तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। आम आदमी पार्टी शेष चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सात चरण के चुनाव के छठे दौर में 25 मई को मतदान होना है। आप ने बयान में कहा कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस के साथ जमीनी स्तर पर चुनाव प्रचार समन्वय शुरू करने के उद्देश्य से आप के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने




समन्वय समिति का गठन किया है, जिसमें समन्वय की पूरी जिम्मेदारी दुर्गेश पाठक को सौंपी गई है। दुर्गेश पाठक राजेंद्र नगर विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। संचार विभाग के अध्यक्ष और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा, ''कांग्रेस और आप दोनों दिल्ली के सात लोकसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक के लिए एक पर्यवेक्षक की घोषणा करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच चुनाव प्रचार सुचारू और प्रभावी तरीके से हो।

## बीजेपी के राज में न तो महंगाई कम हो रही न तो बेरोजगारी - सीएम ममता

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आज उन्होंने(प्रधानमंत्री) बंगाल में सभा करके कहा, राहुल



गांधी क्यों रायबरेली से खड़े हुए। उन्होंने(राहुल गांधी) अच्छा किया जो खड़े हुए है, उनके पास चुनाव लड़ने का अधिकार है। इसमें आपका(प्रधानमंत्री) क्या है। किसी समय आप(प्रधानमंत्री) भी तो दो सीट पर खड़े हुए थे। एक प्रधानमंत्री को क्या बोलना चाहिए और क्या नहीं उन्हें(प्रधानमंत्री) इसका भी सामान्य ज्ञान नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने बर्धमान–दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी के उत्तर प्रदेश की राय बरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के फैसले पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने (राहुल ने) वायनाड में अपनी हार भांप ली है। पीएम मोदी ने राहुल गांधी के राय बरेली सीट से चुनाव लड़ने के फैसले के संदर्भ में कहा, अमेठी सीट से हारने के बाद वायनाड जाने वाले कांग्रेस के शहजादे अब राय बरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें (राहुल को) पता है कि इस बार वह वायनाड भी हारेंगे। प्रधानमंत्री ने चुनौती दी कि कांग्रेस लिखित में दे की वह धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन नहीं करेगी।

## इंडी गठबंधन चाहता है दलित, आदिवासी और पिछड़ों का आरक्षण छीनना – जेपी नड्डा

भोपाल, एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडिया गठबंधन पर दलित, आदिवासी और पिछड़ों का आरक्षण छीनने का आरोप लगाया है। सागर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार लता वानखड़े के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनके नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है वहीं दूसरी तरफ इंडी अलाइंस है, यह घमंडिया गठबंधन है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन दो बातों का गठबंधन है एक गठबंधन है परिवार की पर्टियों का जमावड़ा, दूसरा भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला है। पीएम मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, ये लोग कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। कांग्रेस के शासनकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तमाम घोटाले किए। न आसमान छोड़ा, न समुंदर छोडा, ना पाताल छोड़, न धरती छोड़ी। इंडी गठबंधन पर पिछड़े, आदिवासी और दलितों का आरक्षण छीनने का



आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं, लेकिन जब तक नरेंद्र मोदी हैं, भाजपा है तब तक दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग का आरक्षण कोई नहीं ले सकता है। मोदी सरकार के कार्यकाल की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि 10 साल में मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत बदल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 5वीं अर्थव्यवस्था बन चुकी है और आने वाले दो साल में यह तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। ऑटोमोबाइल से लेकर अन्य क्षेत्र में भी भारत में छलांग लगाई है। इतना ही नहीं 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब ,वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, युवा, किसान, महिला इन सबको अगर किसी ने ताकत दी है तो वह नरेंद्र मोदी की नीतियां है। 20 साल पहले एक पंचायत के विकास के लिए ढाई से तीन लाख रुपए आता था जो अब ढाई करोड़ से तीन करोड़ और पांच करोड रुपए तक आता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 करोड़ 74 लाख परिवारों को पांच लाख रुपए तक का गंभीर बीमारी के इलाज की व्यवस्था की है। मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर 70 साल की आयु से अधिक के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत से जोड़ दिया जाएगा।

# संपादकीय

## खाली कुर्सियों का सन्नाटा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को प्राथमिकता देने की कला में महारत हासिल है, या यूं कहें कि जिसे वे अप्रासंगिक मानते हैं उसे नजरअंदाज करने की कला में महारत हासिल है। उदाहरण के लिए, मप्र राज्य सूचना आयोग (एसआईसी) को लीजिए, जो अब शून्यता का स्मारक बनकर खड़ा है, जहां एक भी आयुक्त नजर नहीं आता। आम तौर पर 11 आयुक्तों का दावा करने वाला यह पैनल अब पारदर्शिता के केंद्र के बजाय एक भुतहा शहर जैसा दिखता है। लेकिन, डरो मत, क्योंकि सरकार के पास चीजों पर नियंत्रण है – जब आपके पास अंतर्ज्ञान की शक्ति है तो जानकारी की आवश्यकता किसे है, है ना? और आइए मानवाधिकारों के बारे में न भूलें, वे खतरनाक चीजें जो षविकासष के रास्ते में आती हैं। राज्य मानवाधिकार आयोग खुद को ऐसी ही दुविधा में पाता है, जहां अध्यक्ष और एक सदस्य की कुर्सियां स्पष्ट रूप से खाली रह गई हैं। मानवाधिकारों के लिए किसके पास समय है जब हाथ में अधिक जरूरी मामले हों, जैसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए किस रंग की कलम का उपयोग करना है? और भी बहुत कुछ है उपभोक्ता शिकायतों का समाधान करने वाला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग भी शासन के प्रति श्री यादव के न्यूनतमवादी दृष्टिकोण के प्रभाव को महसूस कर रहा है। अध्यक्ष और एक सदस्य दोनों के पद रिक्त होने से, कोई केवल कल्पना कर सकता है कि शिकायतों का ढेर एक अस्थिर मेज पर जेंगा टॉवर की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है। हमारा मानना है कि यह जानकर कुछ संतुष्टि हुई है कि आपने प्रशासनिक लागतों में कटौती करके कुछ रुपये बचाए हैं। कुछ मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि इन तीन आयोगों में आश्चर्यजनक रूप से 19,500 अपीलें अधर में लटकी हुई हैं। श्री यादव की प्राथमिकताएँ कुछ लोगों को अपरंपरागत लग सकती हैं, लेकिन निश्चिंत रहें, पागलपन का एक तरीका है – या कम से कम, हमें उम्मीद है कि वहाँ है।

सरकार और व्यवसाय के अंतरसंबंध को नेविगेट करना

बाबू गलियारे ऐसी खबरों से गुलजार हैं कि लद्दाख के पूर्व उपराज्यपाल और पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) आर.के. माथुर और पूर्व रॉ प्रमुख ए.के. धस्माना, दोनों को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिष्ठित पदों के लिए चुना गया था, के टाटा संस बोर्ड में शामिल होने की खबर है। श्री माथुर मणिपुर–त्रिपुरा कैडर के 1977 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। प्रमुख निगमों में वरिष्ठ पदों पर सेवानिवृत्त बाबुओं का शामिल होना कोई नई बात नहीं है, हालांकि यह बहस अभी भी जारी है कि क्या यह सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के लिए फायदेमंद है। याद करें जब तत्कालीन पूर्व विदेश सचिव एस. जयशंकर कुछ समय के लिए वैश्विक कॉर्पोरेट मामलों के अध्यक्ष के रूप में टाटा में शामिल हुए थे। लेकिन इससे पहले श्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत का विदेश मंत्री नामित किया था। श्री माथुर और श्री धस्माना के मामले में, सार्वजनिक सेवा में उनकी पृष्ठभूमि टाटा को सरकारी संबंधों और रणनीतिक निर्णय लेने में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकती है। नियामक ढांचे के बारे में उनकी समझ निगमों के लिए अमूल्य हो सकती है, विशेष रूप से भारी विनियमित उद्योगों में काम करने वाले निगमों के लिए। बेशक, यह अक्सर कहा जाता है कि एक आदमी का अनुभव दूसरे आदमी का अविवेक है।

जब सेवानिवृत्त बाबू कॉर्पोरेट भूमिकाओं में स्थानांतरित होते हैं, तो कथित या वास्तविक हितों के टकराव का जोखिम होता है, खासकर यदि वे पहले अपने नए नियोक्ता को सीधे प्रभावित करने वाले मुद्दों या नियमों से निपट चुके हों। यहां महत्वपूर्ण नैतिक मुद्दा एक उचित ष्कूलिंग–ऑफष अवधि है, जो इस उदाहरण में, ये बाबू अच्छी तरह से स्पष्ट हैं। ऐसी किसी भी नियुक्ति की तरह, पारदर्शिता और जवाबदेही महत्वपूर्ण है। आईआरएस अधिकारी को प्रतिबंधित करना एक कड़ा संदेश देता है हाल ही में 2004–बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी सोमनाथ शिवरुद्रप्पा उक्कली को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति और विदेशी असाइनमेंट से प्रतिबंधित करना प्रशासन के भीतर जवाबदेही और कर्तव्यों के पालन के महत्व के बारे में एक स्पष्ट संदेश भेजता है। भारी उद्योग मंत्रालय के तहत एचएमटी लिमिटेड, बेंगलुरु में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्त भूमिका की जिम्मेदारियों को संभालने में श्री उक्काली की विफलता के कारण महत्वपूर्ण परिणाम हुए हैं, जिसमें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति और विदेशी असाइनमेंट से पांच साल की रोक भी शामिल है। अजीब बात है कि, अपने आधिकारिक कार्यभार के बावजूद, श्री उक्काली ने पद की जिम्मेदारियाँ संभालने में असमर्थता व्यक्त की।

इसके बाद, राजस्व विभाग ने पिछले महीने एक आदेश जारी किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाबू को अपनी निर्धारित भूमिका में शामिल नहीं होने के परिणामों के बारे में विधिवत सूचित किया गया था। सूत्रों ने डीकेबी को सूचित किया है कि इस पूर्व–खाली उपाय का उद्देश्य गैर–अनुपालन के प्रतिकूल परिणामों के बारे में भविष्य में अज्ञानता के किसी भी दावे को रोकना है।

यह घटना सरकार के भीतर प्रमुख पदों पर बैठे अधिकारियों की अत्यधिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। यह निर्दिष्ट भूमिकाओं को पूरा करने में विफल रहने की गंभीरता और चूककर्ता के लिए संभावित परिणामों को भी रेखांकित करता है। उम्मीद है, श्री उक्कली का उदाहरण सभी बाबुओं को किताब के अनुसार काम न करने के परिणामों के बारे में एक स्पष्ट अनुस्मारक के रूप में काम करेगा।

# आंकड़े जारी करने में देरी पर सियासी घमासान

आदित्य

अगर कण–कण में भगवान है तो मानिए कि इस देश के जर्रे–जर्रे में सियासत समा गई है। अब चुनाव कार्यक्रम, चुनाव प्रक्रिया, चुनाव नतीजे के साथ–साथ चरणवार मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने पर भी सियासी घमासान मचा है। गोया यह पूरा चुनाव ही शक शुबहों की





सुरंग से होकर गुजर रहा है। विपक्ष को हर बात में खोट दिख रही है तो सत्ता पक्ष सब कुछ स्वाभाविक मानकर मुग्ध है। विपक्ष को शक है कि चुनाव आयोग ने ये आंकड़े जानबूझकर देरी से जारी किए। खासकर 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद। इसके पीछे कहीं कोई 'खेला' तो नहीं है? जबकि चुनाव आयोग का कहना है कि समूचे आंकड़े कंपाइल करने में वक्त लगता है, इसलिए अंतिम आंकड़े जारी करने में कुछ देरी हुई। यहां बात केवल अंतिम आंकड़ों की नहीं है। जो आंकड़े सामने आए हैं, वो चुनाव के दो चरणों के दौरान कम मतदान के नरेटिव को झटका देने वाले हैं। शुरूआती आंकड़ों में यह संदेश छुपा था कि दोनो चरणों में 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 3 से 7 फीसदी की गिरावट आई है। लेकिन चुनाव आयोग ने पहले चरण के डेढ़ हफ्ते बाद जो आंकड़े बताए, उससे पहले चरण में 102 संसदीय सीटों पर 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 88 सीटों पर 66.71 प्रतिशत वोट पड़े। जबकि चुनाव आयोग ने पहले चरण के मतदान के आरंभिक आंकड़े औसतन 60 प्रतिशत तथा दूसरे चरण में 60.96 प्रतिशत बताए थे। अगर इसकी तुलना 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रथम व द्वितीय चरण के मतदान प्रतिशत से की जाए तो वोटिंग में यह कमी क्रमशरू 4 और 3 फीसदी की होती है। अगर पिछले लोस चुनाव के कुल औसत मतदान 67 फीसदी से इसकी तुलना करें तो कुल मतदान में घटत उतनी ज्यादा नहीं है, जितनी कि मानी जा रही थी। फिर भी मतदान घटा तो है, जिससे चुनाव नतीजे काफी बदल सकते हैं और कई जगह हार– जीत का अंतर भी बहुत कम रह सकता है।

आंकड़ों की सियासत और सियासत के आंकड़े

मतदान के आरंभिक आंकड़ों ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी थी। माना जा रहा था कि तमाम कोशिशों के बाद भी वोटर घर से नहीं निकल रहा है। राजनीतिक विश्लेषक इस बात का गुणा–भाग लगा रहे थे कि कम मतदान किसको जीत की ट्रॉफी दिलाएगा। इसके लिए तरह–तरह के आंकड़े और डाटा एनालिसिस पेश किया जा रहा था। मोटे तौर पर संदेश यही था कि कम मतदान सत्तारूढ़ भाजपा और एनडीए के लिए जोखिम भरा है। यह बताने की भी कोशिश हुई कि चुनाव में खासकर भाजपा का वोटर अपेक्षित संख्या में नहीं निकल रहा। ऐसे में देश में 2004 के लोकसभा चुनाव जैसी स्थिति बन सकती है, जब मतदान अपने पूर्ववर्ती 1999 के लोस चुनाव की तुलना में 1.9 फीसदी कम रहा था और सत्तारूढ़ अटलजी की सरकार सत्ता से बेदखल हो गई थी तथा नेतृत्व विहीन यूपीए गठबंधन सत्ता में आ गया था। 2009 के लोस चुनाव में भी औसत मतदान 58.21 प्रतिशत रहा और यूपीए 2 फिर सत्ता में लौटा। लेकिन 2014 ने वोटिंग ट्रेंड ने गीयर बदला। अगले दो लोकसभा चुनाव में यह 8 से 10 फीसदी तक बढ़ा और मोदी के नेतृत्व में भाजपा सत्ता में रही है। विपक्ष के लिए झटका यह है कि पहले चरण के जो आंकड़े शुरू में बताए गए थे, उनमें 6 फीसदी से ज्यादा का अंतर है। यानी इतना मतदान बढ़ा है। ये आंकड़े 2019 के लोस चुनाव के पहले दो चरणों के औसत आंकड़ों के आसपास ही हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि मतदान कम जरूर हुआ है, लेकिन इतना कम भी नहीं हुआ है कि विपक्ष की बांछें खिल जाएं। अगर यही ट्रेंड अगले पांच चरणों में भी रहता है तो तय मानिए कि चुनाव नतीजे कमोबेश 2019 के जैसे ही हो सकते हैं।

पक्ष और विपक्ष के बीच तनातनी

पहले दो चरणों के मतदान के अंतिम आंकड़ों से भाजपा ने कुछ राहत की सांस ली है, जबकि विपक्ष के मन में शक का कीड़ा और गहरा गया है। उसने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगाते हुए दो प्रश्न उठाए हैं। पहला यह कि दोनों चरणों के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतनी देरी के पीछे मंशा या मजबूरी क्या है? दूसरे, कम बताया जा रहा मतदान अचानक 6 फीसदी तक कैसे बढ़ गया? यह सचमुच आंकड़ों के संग्रहण में देरी है या कुछ और? तीसरा यह कि आयोग केवल मतदान का प्रतिशत क्यों बता रहा है, कुल मतदान के आंकड़े बताने में उसे क्या परेशानी है? पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने तो आरोप लगाना शुरू भी कर दिया है कि चुनाव आयोग नतीजों में गड़बड़ी कर सकता है। आंकड़े जारी करने में यकीनन देरी हुई है। क्योंकि पहले के चुनाव में किसी भी चरण के अंतिम आंकड़े प्रायरू तीन दिन के अंदर मिल जाते थे। वैसे भी मतदान के दिन शाम तक के जो आंकड़े चुनाव आयोग जारी करता है, वो सरसरी तौर पर और अनुमानित ही होते हैं, क्योंकि मतपेटियां जमा होने का क्रम देर रात तक या दूसरे दिन सुबह तक भी चलता है। उन सभी के मतदान के वास्तविक आंकड़ों की पुष्टि कर उनको कंपाइल करने में वक्त लगता है। लेकिन उंगली आयोग की मंशा पर उठ रही है। कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के अंतिम आंकड़े की जानकारी देने में देरी अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मीडिया से कहा कि हमे उम्मीद है कि चुनाव के बचे हुए चरणों में ऐसा नहीं होगा। सीपीएम नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि ये बहुत परेशान करने वाला है। इससे नतीजों में गड़बड़ी का गंभीर शक पैदा होता है। उनका यह भी कहना था कि जब तक वोटों कुल आंकड़ा न बताया जाए तब तक प्रतिशत बताने का कोई अर्थ नहीं है। दूसरी ओर पूर्व चुनाव आयुक्त एन गोपालास्वामी का कहना है कि मतदान के पुष्ट चुनावी आंकड़े तब उपलब्ध होते हैं, जब वोटिंग के अंत में फॉर्म 17सी जमा किया जाता है। इसी फॉर्म पर डाले गए वोटों की कुल संख्या होती है। तभी आयोग को अंतिम आंकड़े पता चलते हैं। हालांकि, कुछ विशेषज्ञो का मानना है कि अंतिम आंकड़ों में पांच छह फीसदी की घट बढ़ असामान्य नहीं है। इसका एक अर्थ यह भी है कि यदि अंतिम आंकड़े और घटते तो विपक्ष ज्यादा मुतमइन रहता, बढ़ते आंकड़ों ने उसे बेचौन कर दिया है। हालांकि, अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना विलंब चुनाव आयोग की कार्य क्षमता पर भी सवाल खड़े करता है, क्योंकि जो काम तय सीमा में अब तक होता रहा है, वही काम ज्यादा संसाधनों और बेहतर टैक्नोलॉजी के बाद भी इतनी देरी से क्यों हो रहा है अथवा किया जा रहा है? हालांकि, यह मानना कठिन है कि चुनाव आयोग जान बूझ कर कोई खेला कर रहा होगा, क्योंकि इस चुनाव में सबसे ज्यादा विश्वसनीयता तो उसी की दांव पर लगी है। अगर यह कोई व्यवस्थागत खामी है तो उसे अगले चरणों में दूर करने की जरूरत है। यह बात अलग है कि अपनी कॉलर ऊंची रखने के लिए कम मतदान को सभी दल अपने अपने पक्ष में बता रहे हैं, लेकिन खुटका सभी के मन में है और खासकर भाजपा के मन में जिसने 400 पार का नारा दिया हुआ है। ऊपर से भले ही प्रधानमंत्री कम मतदान को भगवा रंग में लिपटा मानें, लेकिन अंदरखाने बीजेपी ने अपनी समूची चुनावी मशीनरी को खड़का दिया है कि किसी भी कीमत पर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाओ। वरना नतीजों का ऊंट दुश्मन की करवट जा बैठेगा कुलमिलाकर डर दोनों तरफ है। हालांकि, कम मतदान की खबरों ने अचानक विपक्ष की ईवीएम पर आस्था बढ़ा दी थी।

लेकिन बढ़ा मतदान यह आस्था फिर घटा सकता है। याद करें कि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय टीडीपी नेता चंद्राबाबू नायडू विरोधी खेमे में थे और उन्होंने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे। लेकिन इस दफा वो खामोश हैं, बीजेपी के साथ हैं और सत्ता में वापसी की आस लगाए हुए हैं। उन्हें ईवीएम में कहीं कोई खोट नजर नहीं आ रहा।

# तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से पहले रोजगार में वृद्धि की है जरूरत

विनोद

इन दिनों हर जगह तकरीबन इस बात की ही चर्चा रहती है कि भारत बड़ी तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। पर इस बात के पीछे क्या आर्थिक तथ्य और साक्ष्य हैं? पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का तमगा भारत को 2022 में मिला, जब उसने अर्थव्यवस्था के जीडीपी के आकार में इंग्लैंड को पीछे छोड़ा। 2014 में भारत दसवें पायदान पर हुआ करता था। उस समय भारत का जीडीपी 18.6 खरब अमेरिकी डॉलर के बराबर था और भारत से आगे तब क्रमशः इटली (21.4 खरब डॉलर), ब्राजील (22.1 खरब डॉलर), इंग्लैंड (27.9 खरब डॉलर), फ्रांस (28.1 खरब डॉलर), जर्मनी (37 खरब डॉलर), जापान (52.1 खरब डॉलर), चीन (95.7 खरब डॉलर) तथा सबसे आगे अमेरिका (175.5 खरब डॉलर) थे। इससे साबित होता है कि पिछले एक दशक में भारत के जीडीपी में तकरीबन दो गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। यह अपने आप में आश्चर्यजनक है, क्योंकि इस दौरान पूरे विश्व ने कोरोना महामारी के चलते लगभग दो वर्षों तक आर्थिक मंदी के दौर को देखा है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने तो उस दौरान आजादी के बाद पहली दफा लगभग 25 फीसदी की नकारात्मक विकास दर को भी सहन किया था। भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का पहली दफा उल्लेख अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने किया था। उसने भारत की लगातार चल रही छह और सात फीसदी की वार्षिक आर्थिक प्रगति दर को देखते हुए अनुमान लगाया कि वर्ष 2027 तक भारत का जीडीपी 50 खरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से ऊपर निकल जाएगा। अभी भारत से आगे चल रहे जर्मनी और जापान तब क्रमश 49.5 खरब डॉलर और 50.8 खरब डॉलर के स्तर पर रहते हुए भारत से पीछे होंगे और तब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। लेकिन इस हकीकत को भी समझना अत्यंत आवश्यक है कि भारत आज भी प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से बहुत पीछे है। अगर इंग्लैंड से ही तुलना की जाए, जिसे पीछे छोड़कर भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है, तो प्रति व्यक्ति आय में आज भी दोनों देशों में 20 गुना का अंतर है। इसके अलावा, पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से वैश्विक रैंकिंग में भारत मात्र छह पायदान ही ऊपर आया है। वर्तमान समय में 189 देशों में से भारत प्रति व्यक्ति आय में 141वें स्थान पर है, जबकि 2013–14 में भारत 147वें स्थान पर था। इससे स्पष्ट है कि पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी लगभग आधी से ही अधिक हुई है, जबकि जीडीपी दोगुना से अधिक बढ़ा। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2012 में भारत में तकरीबन एक करोड़ से अधिक लोग बेरोजगार थे, जबकि 2022 में इनकी संख्या 2.29 करोड़ तक जा पहुंची थी, जिसके चलते बेरोजगारी की दर पिछले 10 वर्षों में 2.18 फीसदी से बढ़कर चार फीसदी पर पहुंच गई। इसके अलावा, भारत का कृषि क्षेत्र बहुत पीछे हो चुका है। जीडीपी में उसके अंशदान को बढ़ाना अब अत्यंत आवश्यक हो गया है, अन्यथा प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी बहुत आसानी से नहीं की जा सकती। 50 फीसदी जनसंख्या का रोजगार के लिए कृषि पर निर्भर रहना ही इसका प्रमुख कारण है। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र, जो रोजगार सृजन का एक बहुत बड़ा क्षेत्र है, को बड़ी तेजी से मुख्यधारा में लाना होगा। गौरतलब है कि पिछले तीन दशकों से भारत की अर्थव्यवस्था के विकास की बागडोर सेवा क्षेत्र के कंधों पर है। उसने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी है, लेकिन आज भारत में तेजी से बढ़ती आर्थिक विषमता, जो गरीबी और अमीरी के बीच खाई का प्रतीक है, उसके पीछे भी बहुत हद तक सेवा क्षेत्र है, क्योंकि जीडीपी में सेवा क्षेत्र का अंशदान 50 फीसदी से अधिक है, परंतु रोजगार में इसका अंशदान 30 से 35 फीसदी के बीच में ही है। इसलिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के कद को बढ़ाने के साथ–साथ रोजगार के अवसरों में तेजी से बढ़ोतरी अगर एक मकसद के रूप में नहीं रहा।

# युवा जीवन समय से पहले ही समाप्त

आसिफ

एक कॉलेज काउंसलर के अहंकार के कारण एक युवा जीवन समय से पहले ही समाप्त हो गया। यह बहुत प्रयास और उम्मीदों के साथ हुआ होगा कि युवा चुन (बदला हुआ नाम), जो जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित था, ने पिछले साल रूस की सीमा से लगे उत्तरपूर्वी प्रांत जिलिन में मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया। शिक्षकों ने उसके मेडिकल प्रमाणपत्र पर ध्यान दिया और उसे अनिवार्य शारीरिक व्यायाम से छूट दे दी, लेकिन जब व्यायाम शुरू होने वाले थे तो अक्सर छात्रों की उपस्थिति लेने में उसकी मदद ली जाती थी। इस प्रकार हर कोई – कर्मचारी और छात्र – उसकी स्थिति के बारे में जानते थे। हालाँकि, काउंसलर को इससे कोई फर्क नहीं पड़ा, जिसने उसे 12 अप्रैल को सुबह 6 बजे व्यायाम करने के लिए मजबूर किया था। जब चुन ने अपना मेडिकल सर्टिफिकेट दिखाने की कोशिश की, तो काउंसलर, जिसने पहले कभी इसके बारे में कोई संदेह नहीं जताया था, ने स्पष्ट रूप से जवाब दिया कि यह नकली था. कौन नया छात्र किसी कॉलेज पदाधिकारी से बहस कर सकता है?

वहां मौजूद छात्रों के मुताबिक, एक्सरसाइज करते वक्त चुन गिर गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि काउंसलर ने उन्हें उसकी मदद नहीं करने दी। आखिरकार उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वह केवल दो दिनों तक जीवित रही।

चुन की मां के अनुसार, परामर्शदाता ने चुन को अपने गृहनगर से एक जीवित मछली लाने के लिए कहा था, जहां वह चार दिवसीय किंगमिंग (पारंपरिक कब्र–सफाई) उत्सव के लिए गई थी। उनकी बेटी ने एक मछली खरीदने पर 100 युआन (1,153 रुपये) खर्च कर दिए. लेकिन जब उसने इसे अपने परामर्शदाता के सामने प्रस्तुत किया, तो यह मृत था। मछली स्पष्ट रूप से लंबी यात्रा में जीवित रहने में सक्षम नहीं थी। एक क्रोधित परामर्शदाता ने संभवतः नवसिखुआ को ऐसा सबक सिखाने का फैसला किया जिसे वह कभी नहीं भूलेगी, या कम से कम चुन की माँ इसे इसी तरह देखती है। कॉलेज, अपेक्षित रूप से, इसका खंडन करता हैय इसने कहा है कि वह चुन की मौत की आधिकारिक जांच में सहयोग कर रहा है।

एक निर्णय लें

लेकिन इस चौंकाने वाली घटना को कई लोगों ने देखा और उनका आक्रोश इंटरनेट पर फैल गया। संभवतः यह जानते हुए कि उसके कर्मचारी की गलती थी, कॉलेज ने कथित तौर पर चुन की मां को 100,000 युआन (11.5 लाख रुपये से अधिक) का मुआवजा देने की पेशकश की। एक सप्ताह बाद, प्रांत के शिक्षा विभाग ने अपनी जांच के परिणाम की घोषणा कीरू परामर्शदाता से उसकी योग्यता छीन ली गई। इसका मतलब है कि वह फिर कभी काउंसलर के रूप में काम नहीं कर पाएगी। यह भी घोषणा की गई कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य के रूप में उन्हें अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

हालांकि, दिलचस्प बात यह है कि जांच रिपोर्ट में कहा गया कि चुन अभ्यास शुरू करने से ठीक पहले गिर गया था और परामर्शदाता ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया था। उनके खिलाफ किसी कानूनी कार्रवाई का कोई जिक्र नहीं था. इसके बजाय, विभाग ने मेडिकल कॉलेज को इस मामले पर विचार करने की सलाह दी, और शिक्षकों की नैतिकता को मजबूत करने का वचन दिया। छात्रों द्वारा विश्वविद्यालयों को अपने ही कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मजबूर करना कोई नई बात नहीं है।

# युद्ध के 25 साल बाद भी सुरक्षा के मोर्चे पर निरंतर सतर्कता की जरूरत

महेंद्र

जब भारत–पाकिस्तान रिश्तों की बात आती है, तो अतीत वर्तमान बन जाता है और भविष्य में सीखने के लिए कुछ अप्रिय सबक छोड़ जाता है। पाकिस्तान जबसे भारत से अलग हुआ है, इसने क्षेत्रीय जीत हासिल करने की कोशिश की है। हालांकि हर बार यह विफल रहा है। पच्चीस वर्ष पहले ठीक आज ही के दिन कारगिल युद्ध शुरू हुआ था। पाकिस्तान ने पहले घुसपैठियों को भेजा, फिर सैन्य हमले को अंजाम दिया, क्योंकि भारत ऐसे हमले के प्रति लापरवाह था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा 21 फरवरी, 1999 को शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के तीन महीने के भीतर ही कारगिल की घटना हुई। भारत को घुसपैठियों के बारे में अचानक पता लगा। ताशी नामग्याल नामक चरवाहा जब अपनी गुम हुई भेड़ों को खोज रहा था, तो उसने पठानी शूट में पाकिस्तानियों को देखा, जो बाल्टिक पर्वत शृंखला पर बंकर खोद रहे थे। नब्बे डिग्री की खड़ी चट्टान पर चढ़ाई करने वाले युवा सैन्य अधिकारियों और जवानों ने बहादुरी से पाकिस्तानी गोलियों का सामना किया और अपने भारतीय नेतृत्व को गर्व करने का अवसर प्रदान किया। इस युद्ध में ज्यादातर 22–35 वर्ष के युवा जवान शहीद हुए। आधिकारिक रूप से भारत के 527 जवान शहीद हुए, जबकि पाकिस्तान के 357 से 453 के बीच जवान मारे गए। पाकिस्तान ने अपने 600 अन्य जवानों की लाशों पर दावा न करके उन्हें अपमानित किया। नतीजतन भारत को ही उनका अंतिम संस्कार करना पड़ा। वस्तुतः यह भारत के लिए कठिन कार्य था। पाकिस्तानियों के कड़े प्रतिरोध का सामना करते हुए भारत ने अपनी वायु सेना और बोफोर्स तोप को तैनात कर अपनी रक्षा की। उसी साल एक भारतीय यात्री विमान का अपहरण हुआ, जिसे पहले लाहौर, फिर कांधार ले जाया गया। भारत को विमान, चालक दल और यात्रियों की सुरक्षित रिहाई के लिए चार कश्मीरी आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा। पच्चीस वर्ष बाद भी इन विफलताओं पर भारत में बहुत कम चर्चा हुई है। पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक नजम सेठी कहते हैं, 'भारत के साथ पाकिस्तान ने जितने भी युद्ध किए, सभी में हार गया, हालांकि उसी ने इसकी योजना बनाई थी, पर कुछ हासिल न कर सका।'

पहले सर्दियों में कारगिल क्षेत्र की ऊंचाइयों वाली चौकियों को दोनों देशों के सैनिक खाली कर देते थे और फिर वसंत के मौसम में वहां तैनात हो जाते थे। 1999 की सर्दी में पाकिस्तानी फौज ने भारतीय सेना से पहले ही कारगिल द्रास एवं बाल्टिक की सामरिक ऊंचाइयों पर स्थित अग्रिम चौकियों पर आतंकियों के सहयोग से कब्जा कर लिया। हालांकि उसने ऐसा भारतीय इलाके पर कब्जे के लिए नहीं, बल्कि भारत पर सामरिक बढ़त पाने के लिए किया था। यदि वह सफल हो जाता, तो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एक को अवरुद्ध करके कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच संपर्क खत्म कर सकता था। पाकिस्तानी योजनाकार चाहते थे कि भारत को सियाचिन ग्लेशियर छोड़ने और कश्मीर पर बातचीत करने के लिए मजबूर किया जाए। लेकिन 1984 में सियाचिन ग्लेशियर पर कब्जे के बाद से आज तक भारत उस पर कब्जा जमाए हुए है। कारगिल युद्ध के बाद दोनों में से कोई भी पक्ष दुनिया के इस सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र को छोड़ना नहीं चाहता है। पाकिस्तानी लेखक तारिक अकील के अनुसार, सैन्य मामलों की सीमित जानकारी होने के कारण नवाज शरीफ भारतीय सेना की पलटवार करने की क्षमता से वाकिफ नहीं थे। 'वह इस भ्रम में थे कि घुसपैठिये सफल हो जाएंगे और कारगिल पर कब्जा कर लेंगे, जिससे भारत को कश्मीर पर अंतिम समझौता करने के लिए मजबूर किया जा सकेगा और वह इतिहास में कश्मीर विजेता के रूप में जाने जाएंगे।' पाकिस्तानी योजनाकारों ने मान लिया था कि चूंकि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न है, इसलिए भारत अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोई बड़ा कदम नहीं उठाएगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय प्रारंभिक चरण में ही हस्तक्षेप करेगा, जिससे नियंत्रण रेखा के पार मिली बढ़त पर पाकिस्तान का कब्जा हो जाएगा तथा चीन पाकिस्तान का पक्ष लेगा और भारतीय सेना ऊंचाई पर लड़ने के लिए प्रशिक्षित पर्याप्त सैनिक नहीं जुटा पाएगी। लेकिन ये सारी बातें गलत साबित हुईं। किसी ने भी पाकिस्तान की इस बात को नहीं माना कि कश्मीरी स्वतंत्रता के लिए भारतीय सेना से लड़ रहे हैं और उनमें पाकिस्तानी सेना शामिल नहीं है। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने नवाज शरीफ को आदेश दिया कि वह सभी पाकिस्तानी सैनिकों की भारतीय चौकियों पर से वापसी सुनिश्चित करें। हालांकि कारगिल युद्ध ने छोटे पैमाने पर और सीमित भौगोलिक सीमाओं के साथ ही दोनों देशों में गहन सामरिक विश्लेषण को प्रेरित किया। भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की कमियों पर चर्चा की। वाजपेयी सरकार ने के. सुब्रमण्यम के नेतृत्व में पाकिस्तानी हमलों के लिए जिम्मेदार घटनाओं तथा सशस्त्र घुसपैठियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा



के रक्षा उपायों की सिफारिश के लिए कारगिल रिव्यू कमेटी गठित की। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि राजनीतिक, नौकरशाही, सैन्य और खुफिया प्रतिष्ठानों ने यथास्थिति बनाए रखने में अपना निहित स्वार्थ खोज लिया है। उसने जोर देकर कहा कि कारगिल युद्ध, पाकिस्तान की ओर से चल रहे छद्म युद्ध और परमाणु सुरक्षा वातावरण को देखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की जरूरत है। गंभीरता को रेखांकित करते हुए, खुफिया तंत्र, आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और रक्षा प्रबंधन का मूल्यांकन करने के लिए चार कार्यबलों की स्थापना की गई।

